सहारा 5/3/09

कई बांध भूकम्प का सामना करने में अक्षम : प्रो. चोपड़ा

■ आईआईटी में चार दिवसीय शार्ट कोर्स

कानपुर (एसएनबी)। कैलिफोर्निया बरकेली विश्वविद्यालय के सिविल इंजीनियरिंग विभाग के प्रो. अनिल कुमार चोपड़ा ने कहा कि बांध निर्माण के पहले बांध का नक्शा बनाना जरूरी है। उन्होंने कहा कि नक्शा चित्रों पर ज्यादा जोर नहीं दिये जाने के कारण देश के ज्यादातर बांध भूकम्प का सामना करने में सक्षम नहीं है।

प्रो. चोपड़ा आईआईटी आउटरिच प्रेक्षागृह में आयोजित बांधों के निर्माण व भूकम्प विषयक चार द्विवसीय शार्ट कोर्स कार्यक्रम में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि बांध निर्माण के पहले विस्तार पूर्वक नक्शा बनाया जाना जरूरी है। प्रो. चोपड़ा ने कहा कि भारत में जिस प्रकार से बांध बनाये जा रहे हैं वहां भूकम्प आने पर स्थिति भयावह हो सकती है।

भूकम्प वैज्ञानिक लैरी नूस ने कहा कि विदेशों में नक्शा बनाने के बाद बांध का निर्माण किये जाने से भूकम्प के दौरान किसी भी प्रकार की जनहानि की संभावना काफी कम हो गयी है। उन्होंने नक्शा प्रदर्शित करके व्याख्यान दिया। शार्ट कोर्स में अन्य राज्यों से आये प्रतिभागियों का स्वागत आईआईटी एनआईसीईई के विभागाध्यक्ष प्रो. ओंकार दीक्षित ने किया।

आईआईटी में बांधों का निर्माण व भूकंप विषयक कार्यशाला को सम्बोधित करते लैरी के. नस (इनसेट) व भाग लेते लोग। फोटो : एसएनबी